>

Title: Request to set up the zonal office of state bank in Purnia.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया): महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में महत्वपूर्ण विषय रखने का मौका दिया, इसके लिए सबसे पहले मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूँ । पूर्णिया जिले में भारतीय स्टेट बैंक का आंचलिक कार्यालय वर्ष 1984 से स्थापित है और उसकी 123 शाखाएं हैं । पूर्णिया में आंचलिक कार्यालय का प्रशासनिक भवन, स्टॉफ क्वार्टर्स से लेकर सारी बिल्डिंग अपनी है, सारी व्यवस्था अपनी है और वहीं भागलपुर अभी आंचलिक कार्यालय है, जिसमें मात्र 32 शाखाएं हैं । भागलपुर में पूर्णिया का विलय कर दिया गया है । हम आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से माँग करते हैं, हम उनसे मिले भी हैं, हम आपके माध्यम से आग्रह करते हैं कि पूर्णिया में सारी व्यवस्था है, उसके बाद पूर्णिया से हटाकर यहाँ किराये के मकान में, मुझे संदेह है कि किसी खास व्यक्ति को इसका लाभ पहुँचाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का लाखों-लाख रुपया किराया देने के लिए स्टेट बैंक के अधिकारियों की मिलीभगत, घालमेल से पूर्णिया के स्टेट बैंक का आंचलिक कार्यालय भागलपुर में विलय किया गया है ।...(व्यवधान) महोदय, हम आपके माध्यम से माँग करते हैं कि इसको बचा दिया जाए और पूर्णिया आंचलिक कार्यालय को फिर से बहाल किया जाए । सारी व्यवस्था वहाँ पर है और भारतीय स्टेट बैंक के बड़े अधिकारी के द्वारा किसी खास व्यक्ति को लाभ पहुँचाने की दृष्टि से ऐसा किया गया है । यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है । गुलाबबाग, पूर्णिया उत्तर बिहार की व्यावसायिक मंडी है, यह सबसे बड़ी मंडी है, वहाँ सबसे ज्यादा व्यवसायी हैं । वहाँ की आम आवाम आज सड़क पर उतरी हुई है ।

हम माँग करते हैं कि इसको संरक्षित किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री संतोष कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।